हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 दिसंबर 2025

06 विकसित भारत 2047 में मध्यप्रदेश बने सहभागी...



09 नीलांजना की नृत्य में मृत्यु होते ही आदिनाथ राजपाट...





**15 साल की दूरियां मिटी**

## लोक अदालत की पहल से फिर एक हुआ बिछड़ा परिवार, जजों ने फूल-माला पहनाकर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कहते हैं कि समय हर घाव को भर देता है, लेकिन रिश्तों में आई दरार को भरने के लिए अक्सर एक सही पहल की जरूरत होती है। ऐसी ही एक सुखद पहल गुना की लोक अदालत में देखने को मिली, जहाँ करीब 15 साल से अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच की कड़वाहट मिठास में बदल गई। कुटुंब न्यायालय के प्रयासों से यह दंपत्ति फिर से एक हो गया।विवाद की जड़ और लंबा इंतजारगादेर की रहने वाली सुषमा का विवाह करीब 16 वर्ष पूर्व उज्जैन निवासी अजय के साथ हुआ था। शादी के शुरुआती कुछ महीनों के बाद ही दोनों के बीच मनमुटाव शुरू हो गया, जिसने धीरे-धीरे बड़े विवाद का रूप ले लिया। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई कि सुषमा को अपना ससुराल छोड़कर मायके में रहना पड़ा। यह अलगाव करीब 15 साल तक चला, जिससे दोनों का जीवन अधर में लटका रहा।लोक अदालत और अधिवक्ताओं की भूमिकामामला कुटुंब न्यायालय में पहुँचा, जहाँ दोनों पक्षों को लोक अदालत के माध्यम से सुलह का रास्ता दिखाया गया। अजय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वरुण सूद और सुषमा की ओर से अधिवक्ता नूर अख्तर ने अहम भूमिका निभाते हुए दोनों पक्षों को समझाया। लंबी बातचीत और समझाइश के बाद, दोनों ने गिले-शिकवे भुलाकर फिर से साथ रहने का फैसला किया।नई शुरुआतसुलह के बाद का दृश्य बेहद भावुक करने वाला था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र और कुटुंब न्यायाधीश दिनेश प्रसाद मिश्र ने पुनर्मिलन की इस घड़ी को खास बना दिया। उन्होंने युगल को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और भविष्य में सुखमय जीवन बिताने का आशीर्वाद दिया। न्यायालय परिसर में मौजूद सभी लोगों ने इस फैसले की सराहना की, जो साबित करता है कि संवाद और समझदारी से बड़े से बड़े विवाद भी सुलझाए जा सकते हैं।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल में हो रही संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

# 800 मीटर दौड़ का सेकंड राउंड कंप्लीट करने के बाद अचानक बिगड़ी महिला एथलीट की तबीयत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल में संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है। प्रतियोगिता का शनिवार को दूसरा दिन था। इस बीच सुबह प्रतियोगिता में शामिल एक महिला एथलीट की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल एथलीट की हालत में सुधार है। हालांकि चिकित्सकों द्वारा उसकी जरुरी जांचें कराई जा रही हैं।



### ये है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार विजयाराजे शासकीय कन्या महाविद्यालय मुरार, ग्वालियर की टीम में शामिल महिला एथलीट साक्षी की सुबह अचानक प्रतियोगिता स्थल पर तबीयत बिगड़ गई और वह चक्कर खाकर गिर पड़ी। कोच गंभीर सिंह प्रजापति ने बताया कि 800 मीटर दौड़ का सेकंड राउंड कंप्लीट करने के बाद अचानक साक्षी की तबीयत बिगड़ी। उन्होंने बताया कि वह साइड में खड़ी थी, इसी दौरान उसे चक्कर आया और वह गिर गई। उल्टियां भी हुई।

### एंबुलेंस और चिकित्सक थे तैनात

प्रतियोगिता स्थल पर एंबुलेंस और चिकित्सक तैनात थे, उन्होंने तुरंत एथलीट की मौके पर जांच की और उसे एंबुलेंस से लेकर अस्पताल आए, जहां भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है एवं जरूरी जांच कराई जा रही हैं। हालांकि उन्होंने बताया कि अब एथलीट की हालत में सुधार है।

### 12 से 14 दिसंबर तक चलेगी प्रतियोगिता

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा के तत्वावधान में संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल में किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना को इसका आयोजक बनाया गया है। 12 से 14 दिसंबर तक चलने वाली प्रतियोगिता का शुक्रवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा खेल मशाल प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया था।

## जूनियर रेडक्रॉस सह सदभावना शिविर के दूसरे दिन विविध गतिविधियों का आयोजन

**गुना**। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा 12 से 16 दिसंबर तक आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सह सद्भावना शिविर के दूसरे दिन उत्साह और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत रेडक्रॉस ध्वजारोहण एवं रेडक्रॉस गीत के साथ की गई।शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे (आईएएस, सेवा निवृत्त) तथा जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह ने जूनियर रेडक्रॉस के स्कूली छात्र-छात्राओं एवं काउंसलरों को प्राथमिक उपचार की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना या आपात स्थिति में घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता देकर कैसे उसकी जान बचाई जा सकती है।डॉ. कुमरे ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा कई बार जोश में होश खो बैठता है, जिससे अनैतिक कार्य हो जाते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे हर परिस्थिति में धैर्य, संयम और समझदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाज में व्यक्ति का सम्मान उसके आचरण और व्यक्तित्व से पहचाना जाता है।कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को शिविर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना है, जिसे लेकर प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।जिला रेडक्रॉस शाखा गुना के सचिव डॉ.रामवीर सिंह रघुवंशी ने सभी से रक्तदान का निवेदन किया ।



## 2 अक्टूबर और 26 जनवरी को ग्राम सभा में पढ़कर सुनाया जाएगा राशन हितग्राहियों का नामः राजपूत



**पत्रकार वार्ता में बोले जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत**

**जिज्जी की पंचायत को देशभर में फैलने की जरूरत**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मामले के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पत्रकारवर्ता को संबोधित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारवर्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि अब से 2 अक्टूबर और 26 जनवरी को ग्राम सभा में पढ़कर सुनाया जाएगा कि इतने लोगों को राशन मिल रहा है। यानि हितग्राहियों के नाम का वाचन सार्वजनिक रुप से किया जाएगा।

परंपरागत कौशल एवं स्थानीय उत्पादों की पहचान कर प्रधानमंत्री के "वोकल फॉर लोकल" के सिद्धांत के अनुरूप उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना है। गुना जिले में हो रहे नवाचार पूरे देश भर के लिए उदाहरण बन रहे हैं उन्होंने गुना जिले के धनिया उत्पादन और गुलाब की खेती को देशभर में धूम मचाने वाला बताया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि गुना में सहायता समूह के माध्यम से संचालित जिज्जी की पंचायत रेस्ट्रो मार्ट भी काफी लोकप्रिय हो रही है इसे पूरे प्रदेश और देश में फैलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इससे जिले की समृद्धि के लिए एक प्रभावी रोडमैप तैयार किया जा सकेगा।

जिले में किए गए नवाचारों एवं उपलब्धियों में गुलाब की खेती को बढ़ावा, युवा संगम के अंतर्गत युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना, मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण, पंचायत स्तर पर जनसुनवाई, गुनिया नदी का सौंदर्यीकरण तथा सीएम हेल्पलाइन में जिला प्रशासन के प्रदर्शन का भी प्रमुख रूप से बखान किया।प्रभारी मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और इस अवधि में सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



## समाचार संक्षेप

### आरोन में 19 वीं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 18 से 25 जनवरी तक

**आरोन।** नगर स्थित श्री सनातन धर्म मंडल प्रांगण में विगत 18 वर्षों से निरंतर आयोजित होती चली आ रही श्रीमद् भागवत कथा का 19 वां आयोजन इस वर्ष विशेष रूप से श्री सनकादिक संस्कृत विद्यालय, थाना के सामने, आरोन में किया जा रहा है। यह पावन आयोजन 18 जनवरी 2026 से 25 जनवरी 2026 तक संपन्न होगा। इस आयोजन का मुख्य



उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, संस्कृति का संवर्धन, बालकों में संस्कारों का विकास, तथा समाज में फैल रही नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाकर नशा-मुक्त समाज की स्थापना करना है। वर्तमान समय में परिवार व्यवस्था में आ रहे विघटन, आपसी मतभेद एवं अनुशासनहीनता को दूर कर घर-परिवार में एकता, समरसता एवं सद्भाव कैसे स्थापित हो—इन महत्वपूर्ण विषयों पर भी कथा के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री राधा माधव सेवा समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस पावन कथा के कथावाचक पंडित रामदयाल शास्त्री रहेंगे, जो सरल, सारगर्भित एवं जीवनोपयोगी प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराएंगे।श्री राधा माधव सेवा समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस पुण्य आयोजन में सपरिवार सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### स्वास्थ्य केंद्र आरोन में अब प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे ईएनटी विशेषज्ञ

**आरोन।** मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (सीबीएमओ) डॉ. के.एन. भिलवारे ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन में प्रतिदिन नाक–कान–गला (ईएनटी) विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक गोयल अपनी सेवाएं देंगे। इसके साथ ही नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप भल्ला प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों का परीक्षण व उपचार करेंगे। इसके अलावा अन्य विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों की सेवाओं की सूची भी निर्धारित की गई है, जिससे विभिन्न प्रकार के रोगों से पीड़ित मरीजों को समुचित जांच व इलाज की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी।डॉ. भिलवारे ने बताया कि इस व्यवस्था से क्षेत्र के मरीजों को अब जिला मुख्यालय अथवा निजी अस्पतालों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। नियमित रूप से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से नाक, कान, गला एवं नेत्र संबंधी रोगों का समय पर और प्रभावी उपचार संभव हो सकेगा।उन्होंने कहा कि यह निर्णय आमजन की मांग एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्र के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

### नगर परिषद के प्रकरणो का लोक अदालत में हुआ निराकरण

**आरोन।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन आरोन न्यायालय में किया गया जिसमें नगर परिषद द्वारा संपत्ति कर समेकित कर एव जल कर दुकान किराया वसूली सहित प्रकरणों का निराकरण किया गया जानकारी देते हुए सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि पूर्व से निर्धारित तारीख 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत में परिषद द्वारा कई प्रकरणों को रखा गया है मौके पर कई प्रकरणों का निराकरण किया गया लोक अदालत में मुख्य नगर परिषद अधिकारी दिनेश कुमार सोनी राजस्व अधिकारी मुन्ना लाल अहिरवार गोपाल सोनी संजीव कुशवाह मुकेश झा हल्के कुशवाह अनीश खान सहित उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# विकसित भारत 2047 में मध्यप्रदेश बने सहभागी : प्रभारी मंत्री राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष शधर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुम्बा, जनपद अध्यक्ष गायत्री भील, सासंद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।




साथ ही कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, डीएफओ अक्षय राठौर, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री राजपूत ने समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला विकास सलाहकार समिति का प्रमुख उद्देश्य जिले के परंपरागत कौशल एवं स्थानीय उत्पादों की पहचान कर माननीय प्रधानमंत्री जी के "वोकल फॉर लोकल" के सिद्धांत के अनुरूप उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि इससे जिले की समृद्धि के लिए एक प्रभावी रोडमैप तैयार किया जा सकेगा।बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिले में किए गए नवाचारों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। इनमें गुलाब की खेती को बढ़ावा, युवा संगम के अंतर्गत युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना, मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण, पंचायत स्तर पर जनसुनवाई, गुनिया नदी का सौंदर्यीकरण तथा सीएम हेल्पलाइन में जिला प्रशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रमुख रूप से शामिल रहा।

प्रभारी मंत्री राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और इस अवधि में सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों पर प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को बधाई दी और जिले के सर्वांगीण विकास के लिए समन्वित प्रयासों के संबंध में निर्देशित किया।

### निष्क्रिय खातों के सक्रियता को लेकर विभागीय समन्वय के निर्देश, 156 खाते अपग्रेड



हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सर के कुशल मार्ग दर्शन में भारतीय स्टेट बैंक लीड बैंक गुना द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर सभागृह में आपकी पूंजी आपका अधिकार डी.ई.ए.एफ. जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अखिलेश जैन सर रहे I शिविर में बताया गया कि जिले में कुल 45,455 खाते, जिनमें 20.68 करोड़ जमा हैं, डी.ई.ए.एफ. श्रेणी में परिवर्तित हो चुके हैं।

शिविर के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों एवं बैंक खातों की समीक्षा की गई तथा 156 निष्क्रिय खातों को पुनः सक्रिय (अपग्रेड) कर 3.60 करोड़ की राशि खाताधारकों के लिए उपलब्ध कराई गई। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अखिलेश जैन सर ने कहा कि निष्क्रिय खातों को सक्रिय कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने बैंक अधिकारियों और सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय कर लंबित खातों का त्वरित निवारण करने के निर्देश दिए। एलडीएम अजयपाल सिंह राजपूत ने सभी बैंकों को उच्च राशि वाले निष्क्रिय खातों की विभागवार सूची तैयार करके लीड बैंक के माध्यम से संबंधित विभागों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अखिलेश जैन सर ,लीड बैंक अधिकारी अजयपाल सिंह राजपूत , न्यू इंडिया इंसोरेंस कंपनी के अधिकारी सौरव कुमार , जिले के सभी बैंक अधिकारी व अन्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान एडीएम ने यूडीजीएएम पोर्टल को लेकर भी व्यापक समीक्षा की। उन्होंने बताया कि यह एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल है, जहाँ नागरिक कई बैंकों में मौजूद अपने अदावी जमा व निष्क्रिय खातों की जानकारी एक ही स्थान पर खोज सकते हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल के बारे में जन जागरूकता बढ़ाई जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपनी जमा राशियों का दावा कर सकें और निष्क्रिय खातों को सक्रिय करा सकें। जिले में निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने, पारदर्शिता बढ़ाने और जनता को उनकी जमा राशि की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु यह शिविर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# चाचौड़ा में नेशनल लोक अदालत में प्रकरण निपटे

हरिभूमि न्यूज ⏩चाचौड़ा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को साल की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय गुना एवं तहसील न्यायालयों (चाचौड़ा, राघोगढ़, आरोन) सहित विभिन्न विभागों में आयोजित इस लोक अदालत में आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया गया।

खास बात तो यह रही कि इस पहल से लोगों ने आपसी रजामंदी से वर्षों की तकरार व विवाद निपटाए। तथा इसमें न्यायालीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों के साथ-साथ बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामलों का निराकरण किया गया ।नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला सत्र न्यायाधीश मनीष भट्ट, न्यायाधीश प्रियम सेन , डिम्पल कश्यप सा एवं अभिभाषक संघ सचिव रंजीत सिंह गौर द्वारा मां सरस्वती के पूजन, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान जिला सत्र न्यायाधीश मनीष भट्ट सा ,न्यायाधीश प्रियम




सेन , डिम्पल कश्यप एवं अभिभाषक संघ चाँचौड़ा सचिव रंजीत सिंह गौर एडव्होकेट , अजय कुमार जैन एडव्होकेट, पूर्व अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव एडव्होकेट, जयराज सिंह खींची एडव्होकेट, प्रदीप कुमार शर्मा एडव्होकेट,चाँचौड़ा न्यायालय चाँचौड़ा के स्टाफ नायब नाजिर अनिल कुमार सेन,तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार मौर्य, छोटेसिंह राजपूत,रितेश गुप्ता,विनय रघुवंशी,नीलेश गुप्ता,अंजली गुप्ता,ललित व्यास,सुनीत अहिरवार,मिथुन प्रजापति, विकास भार्गव,शरद शर्मा ,स्वदेश सैनी, प्रदीप यादव,प्रमोद कोरी ,ब्रजमोहन पटेरिया,घनश्याम जावा,अमित दुबे एवं विकास सेन,चंद्रपाल सिंह सहित विभिन्न बैंक तथा विभागों के अधिकारी एवं अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चंदेरी में एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ अशोकनगर

एस.आई.आर.वर्ष-2026 गहन पुनरीक्षण विधानसभा-033 चन्देरी में शनिवार को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधानसभा में चल रहे एस.आई.आर. कार्य की समीक्षा की गई। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों पर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्र कमांक- 184,185-वडेरा में ए.एस.



डी.आर. सूची वाचन कार्यक्रम में संम्मिलित हुये। उनके द्वारा विभिन्न राजनैतिक दलों के बी.एल.ए. एवं ग्रामीणजनों से चर्चा की गयी एवं बी.एल.ओ. को आवश्यक निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवकीनन्दन सिंह व अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चन्देरी मनीष धनगर भी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन द्वारा विधानसभा 033 चन्देरी एवं अशोकनगर जिले में गहन पुनरीक्षण के दौरान किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

# भामसं ने स्वदेशी आंदोलन शहीद बाबूगेनू बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ अशोकनगर

भारतीय मजदूर संघ प्रदेश के आवाह्न पर भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई अशोक नगर द्वारा स्वदेशी आंदोलन शहीद बाबूगेगू बलिदान दिवस को मनाया गया। नया बस स्टैंड मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर के पूर्वजिलाध्यक्ष भागचंद जैन द्वारा की गई।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के प्रदेश पदाधिकारी रामवीर सिंह रघुवंशी रहे और कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर के जिला मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री भारतीय प्राइवेट



ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ मध्यप्रदेश के हरिसिंह रघुवंशी हैरी उपस्थित हुए। कार्यक्रम दौरान भांगचंद जैन द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि सभी अपने दैनिक जीवन में वेशभूषा स्वदेशी को ही अपनाएं फिर इसका अपने जीवन में अंतर देखें। इसी प्रकार से रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा बताया गया है कि अपने अपने घरों में एवं दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें जिनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी रहती है और निष्कर्ष भी बहुत अच्छा निकलता है। मुख्य वक्ता हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) ने अपने उद्बोधन में द्वारा बताया गया कि हमें अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी अपनाओ- स्वदेशी भाषा,स्वदेशी भूषा पोशाक, उपासना पूजा अर्चना,भोजन, भ्रमण ,भवन घर,स्वरोजगार अपनाएं आदि स्वदेशी विचार पर प्रकाश डालते हुए उक्त आंदोलन के बारे में जानकारी देते हुए। उपस्थित लोगों को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की संकल्प दिलाया। भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश बिरथरे और महेंद्र शर्मा द्वारा भी अपने विचार प्रकट किए गए । इस मौके पर कृषि उपज मंडी मजदूर महासंघ अध्यक्ष किशोर दुबे तुलावर संघ अध्यक्ष प्रकाश सिंह यादव राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी विजय रघुवंशी और दिनेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रगट भारतीय मजदूर संघ की जिला उपाध्यक्ष बबीता रघुवंशी द्वारा किया गया।

# व्यापारियों से लूट के आरोपी नहीं पकड़ाने पर दो दिन मंडी बंद रखेंगे




हरिभूमि न्यूज ⏩ शाढ़ौरा

पिछले दिनों अशोकनगर गुना मार्ग पर शाढ़ौरा के गल्ला व्यापारी नीरज साहू के साथ 20 लाख रूपए की हुई लूट के मामले में मुख्य आरोपियों की आज दिनांक तक गिरफ्तारी न होने से व्यापारियों में रोष है। जिसे लेकर व्यापारियों ने सोमवार से मंडी की नीलामी में भाग नहीं लिए जाने का निर्णय लिया है। जिससे सोमवार से मण्डी बंद रहेगी।

शादियों के सीजन में मंडी बंद होने से किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। उल्लेखनीय है कि गल्ला व्यापारी नीरज साहू के साथ हथियारों की दम पर 20 लाख रुपये की लूट हुई थी। घटना को 10 दिन बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जिसके चलते गल्ला व्यापारी संगठन ने 15 दिसंबर सोमवार से दो दिवसीय डाक नीलामी बंद रखने का ऐलान किया है, जिससे मंडी पूरी तरह ठप रहेगी।

उल्लेखनीय है कि घटना के दूसरे दिन पुलिस ने सूत्रधार राजा भदौरिया को गिरफ्तार कर लिया था, जिससे उम्मीद जगी थी कि चारों नकाबपोश लुटेरे जल्द पकड़े जाएंगे। पांच दिन बाद गुना जिले से आरोपी अनिकेत मीना को पकड़ा गया और उससे 10 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने 10 हजार का इनाम भी घोषित किया था। डीआईजी अरविंद सक्सेना ने घटनास्थल का निरीक्षण कर 6 टीमों का गठन भी किया। लेकिन अब भी पुलिस सभी आरोपियों की तक नहीं पहुंच सकी। गल्ला व्यापारी संगठन के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को मंडी प्रशासन को लिखित सूचना दे दी गई है कि सोमवार और मंगलवार को डाक नीलामी में भाग नहीं लिया जाएगा। यदि सोमवार से पहले पुलिस मुख्य आरोपियों को पकड़ लेती है और लूटी रकम बरामद कर लेती है, तो संगठन अपना फैसला बदलकर मंडी को सुचारू रखेगा।

# कोई महाराजा न राजा, लोकतंत्र में जनता हो जागरुकः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏩ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के अशोकनगर में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने शनिवार को अपनी यात्रा के बीच गांधी पार्क चैराहे पर संदेश देते हुए कहा कि अब कोई न महाराजा है न हम राजा हैं, लोकतंत्र में जनता को जागरूक होना चाहिए और अपनी आवाज उठाना चाहिए।

दर असल पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह अपने पुत्र आदित्य विक्रम सिंह और पोते देवादित्य सिंह के साथ यहां सामाजिक समरसता रैली लेकर आए हुए थे। जहां उन्होंने लोगों की समस्यायें सुनी और अपना संदेश दिया। उनका कहना कि अब न हम राजा हैं और न कोई महाराजा, लोकतंत्र में जनता ही सब कुछ है, जनता को जागरूक होना चाहिए।



संविधान की मजबूती से लोकतंत्र मजबूत होता है लोगों को आगे आकर बोलना चाहिए, निडर होकर अपना हक मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रोजगार की समस्या देखने-सुनने में मिली, यहां रोजगार के साधन बड़न्ना चाहिए, हम जनप्रतिनिधि चुनते हैं उन्हें छोटे-छोटे रोजगारों को उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहनों को सरकार आप पर निर्भर नहीं बल्कि आत्मनिर्भर बनाए, रुपये के बदले में वोट लेना बंद होना चाहिए, अगर बहने आत्मनिर्भर होंगी तो 12 सौ रुपये क्या वह 12 हजार रुपये महीने कमायेंगी। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के नाम पर 500 रुपये किसानों को देकर ये खरीदी भी बंद होना चाहिए। जो शर्म की बात है।

उन्होंने नौकरशाही पर भी कटाक्ष कर कहा कि अधिकारी भी संविधान की शपथ से कार्य करें कोई महाराज, जनप्रतिनिधि के पीछे कदम ताल करने की जरूरत नहीं। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि उन्होंने सामाजिक समरसता कि ये यात्रा 5 नम्बर से राधौगढ़ से शुरू की थी, वह गुना जिले की विधानसभाओं से होते हुए अशोकनगर जिले में उनकी यात्रा जारी है। उनका कहना कि वह पूरे प्रदेश की विधानसभाओं में पहुंचकर यात्रा पूरी करेंगे।

### जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता आज से

अशोकनगर। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में सांसद खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन 14 से 17 दिसम्बर तक स्थानीय संजय स्टेडियम एवं रोटरी क्लब में प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से किया जायेगा। जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता में प्रथम दिवस 14 दिसम्बर को बास्केटबॉल,बॉलीबॉल (इनडायरेक्ट), ताइक्वांडो एवं एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 15 दिसम्बर को कबड्डी पुरुष एवं महिला हैंडबॉल पुरुष एवं महिला, वॉलीबॉल डायरेक्ट पुरुष वर्ग, अष्टा चंगा व चपेटा का आयोजन होगा। 16 दिसम्बर को खो खो, रस्साकस्सी, गिल्ली-डंडा, सितोलिया, सहित विभिन्न पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। तीनों दिवस की प्रतियोगिताओं के विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 17 दिसम्बर को ट्रॉफी एवं मैडल से सम्मानित कर सांसद खेल महोत्सव का समापन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में पंचायत स्तर, द्वितीय चरण में ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित करने हेतु शनिवार को संजय स्टेडियम में शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग द्वारा समस्त खेल शिक्षकों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। इसमें संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# माता-पिता-गुरु के आशीर्वाद से आयु विद्या व यश की प्राप्ति होतीः बापू

हरिभूमि न्यूज ⏩ अशोकनगर

नईसराय सुरई मैदान में हो रही श्री राम कथा के चैथे दिन अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने राम जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि माता-पिता-गुरु के आशीर्वाद से आयु विद्या और यश की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने जन्म लेकर मर्यादा बनाते हुए माता-पिता गुरु से आशीर्वाद लेकर सारे कार्य करने की पद्धति बनाई। भगवान श्री राम पिता की आज्ञा पालन कर अयोध्या के सारे कार्य करते हैं। वही गुरु वशिष्ट जी के यहां विद्या अध्ययन कर आचार संहिता का निर्वहन करते हैं और आज इसके विपरीत हो रहा है कोचिंग और





ट्यूशन के माध्यम से गुरु को अपने घर बुलाकर अपने बच्चों को विद्या अध्ययन करने वाले माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को बिगाड़ते हैं इससे बच्चों में अज्ञान आता है और उत्तम ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। गुरु आश्रम में विद्या अध्ययन करने से गुरु का सम्मान होता है साथ ही निर्मल बुद्धि की प्राप्ति होती है जगतगुरु देवमुरारी बापू ने आगे कथा में यह भी बताया कि भगवान श्री राम प्रातः काल उठकर माता-पिता गुरु को प्रणाम कर आशीर्वाद लेते और ब्रह्म मुहूर्त में उठते हैं इससे विद्यार्थी एवं पुत्र को आयु विद्या और यश की प्राप्ति होती है अगर किसी को यह तीनों चाहिए तो संस्कार बान बनने के लिए भगवान श्री राम के पद चिन्ह पर चले। जिससे संसार में यश बढ़ेगा और राम जी की कृपा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इसी कारण भगवान श्री राम का जन्म होता है कि मनुष्य को उत्तम मार्ग दिखाया जा सके और उचित शिक्षा कैसे प्राप्त हो इसका मार्ग सुनिश्चित हो। भगवान श्री राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न का नाम गुरु वशिष्ट जी ने रखा और उनके गुण भी बताएं कलयुग में माता-पिता गुरुजनों से पूछ कर नाम नहीं रखते हैं इसलिए आज के इंसान में गुण भी नहीं आते हैं और माता-पिता को अंत में अपनी संतान के लिए चिंता व्यक्त करनी पड़ती है और पुत्र गलत रास्ते पर चला जाता है। इसलिए बुजुर्गों का सम्मान किया जाना हमारी संस्कृति है कथा के विश्राम के समय कथा के व्यवस्थापक सुरेश रघुवंशी, यजमान मनोहर सिंह रघुवंशी देपालखेड़ी वाले पंचम रघुवंशी और सुनील रघुवंशी आदि ने रामचरितमानस की आरती की।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चन्देरी थाने की पुलिस ने ग्राम डुंगासरा निवासी घासीराम बंजारा के घर के पीछे से 60 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत शाहपुर निवासी अग्रेज सिंह सिक्ख के पास से पुलिस ने 7 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### शराब के क्वार्टर पुलिस ने बरामद किए

**अशोकनगर।** जिले की बहादुरपुर पुलिस ने ग्राम कुकावली और हारूखेडी मार्ग पर जितेन्द्र यादव के पास से 122 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए है और साथ में एक बाईक बरामद की है। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने धर्मेन्द्र कोरी निवासी बरखेडी के पास से 20 देशी मदिरा के क्वार्टर जप्त किए हैं। कोतवाली पुलिस ने ही अम्बेडकर कॉलोनी निवासी भवानी अहिरवार के पास से 17 अंग्रेजी शराब के क्वार्टर जप्त किए हैं।

### शासकीय कार्य में बाधा डालकर पीटा, केस दर्ज

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैलाबाग कॉलोनी में कनिष्ठ यंत्री उज्वल बारंगे जब अवैध रूप से तार डालकर विधुत की चोरी की जानकारी मिलने के बाद मौके पर गए थे तब आरोपी प्रगटसिंह और नरेन्द्र सिंह द्वारा उनसे मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी, शासकीय कार्य में बांधा डाली और उनका वाहन तोड़ दिया।

### 3 लाख 60 हजार की धोखाधड़ी का केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने की पुलिस ने तिलक उपाध्याय पुत्र सालिगराम उपाध्याय निवासी ग्राम सकवारा, वर्तमान निवास जागेश्वरी मोहल्ला चंदेरी ने 1 अक्टूबर से 12 दिसम्बर के बीच शासकीय सहकारी समिति से खाद वितरण प्राप्त किया। जिसकी राशि 3 लाख 60 हजार रूपए होती है। जिसका गमन कर धोखाधड़ी की गई। राजेन्द्र सिंह जाटव निवासी तुलसी कॉलोनी स्टेशन रोड मुंगावली, हाल चन्देरी की रिपोर्ट पर से पुलिस ने यह धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटनाओं के दो प्रकरण किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किए गए है। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी शिशुपाल पुत्र रामकिशन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सारसखेडी पुलिस चैकी के पहले 1 सफेद रंग की कार जिसका नम्बर एमपी08 जेडए 6555 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी इस घटना में सुनील पुत्र भैयालाल उम्र 40 साल की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। दूसरी घटना में रामवीर जाटव ग्राम खिरियादेवत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 1 सफेद रंग की बोलेरो पिकअप वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम गुढ़ाटांका निवासी अरबिंद पुत्र अनंदी आदिवासी उम्र 30 साल रात को अपने घर मे सो रहा था। सुबह जब उसे उठाया तो वह मृत अवस्था में मिला, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### 36 वर्षीय युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ कस्बे के वार्ड क्रमांक 11 के निवासी 36 वर्षीरू जमनालाल पुत्र हरिराम का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला है। उसके पैर पेड़ के नीचे बनी एक छोटी से मढ़िया के ऊपर थे। मृतक पिछले 3 दिनों से अपने घर नहीं पहुंचा था पुलिस ने मृतक का शव फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

---

### पंच कल्याणक प्रतिष्ठा: आदिकुमार की बारात में कईं देशों के राजा शामिल हुए

# नीलांजना की नृत्य में मृत्यु होते ही आदिनाथ राजपाट छोड़कर वन गए





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शनिवार को तप कल्याणक दिवस था। इस पंच कल्याणक दिवस में युवराज आदिकुमार के जब विवाह का मौका आया तब कईं देशों के राजाओं को बुलाया गया। विवाह में कईं देशो के राजा शामिल हुए। नीलांजना के नृत्य का आयोजन भरे दरबार में किया गया था इस दरबार में नीलांजना की नृत्य करते करते मृत्यु हो जाती है। इस मृत्यु को होता देख आदिकुमार बैराग्य के पथ पर चलने का निर्णय कर लेते हैं और वह मुनि रूप धारण कर तपस्या के लिए निकल पड़ते हैं। पंच कल्याणक मे तप की महिमा दिखाई गई। पंच कल्याणंक प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन पुंगव मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में किया जा रहा है। प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया और उनके सहयोगी के रूप में मुकेश भैया के निर्देशन में यह आयोजन पुरानी गल्ला मण्डी में आयोजित हो रहा है। इस आयोजन ने एक बार फिर 33 वर्ष पुरानी यादों को ताजा कर दिया है। इस तप कल्याणक दिवस के दिन विभिन्न पूजाएं की गईं। महाराजा नाभिराय के पुत्र आदिकुमार जब वन को जाने लगते हैं तब उनके माता और पिता का बुरा हाल हो जाता है और वह संगीत के माध्यम से कहते हैं कि न जाओ वन, न जाओ वन जिसका चित्रण इस मंच पर दिखाया गया। तप कल्याणक की आंतरिक क्रियाएं पूरी की गंइं।

**शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी मंदिर में प्रतिमाओं को दीक्षा मंत्र दिए गए** इस सम्पूर्ण आयोजन के मौके पर स्थानीय श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर में नवीन प्रतिमाओं को दीक्षा मंत्र प्रदान किए गए। इस जिनालय में भगवान शांतिनाथ स्वामी की 17 फीट ऊंची प्रतिमा उनके आसन के साथ लाई गई है। इसके अलावा भगवान कुंथनाथ और अरह नाथ भगवान की 11 -11 फुट ऊंची प्रतिमाएं पहुंची हैं। इन्हें भी दीक्षा मंत्र दिए गए। मुनिश्री ने इन प्रतिमाओं को पहनाए गए कपड़ों को हटाया और दीक्षा मंत्री दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड इस स्थान पर जमा थी। मुनिश्री ने अपने मंगल प्रवचनों में तप कल्याणक की महिमा से अवगत कराया। पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के माध्यम में अशोकनगर के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन गांव मंदिर, श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी मंदिर, श्री आदिनाथ जिनालय गंज मंदिर और श्री पाश्र्वनाथ जिनालय में नवीन प्रतिमाओं की वेदी प्रतिष्ठा इस आयोजन में हो रही है। लगभग 200 प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हो रही हैं।

**विश्व शांति महायज्ञ में कल 15 दिसंबर को फिरेगी गजरथ की फेरी** परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भ इया के निर्देशन में चल रहे श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव आज प्रातः काल से ही भक्तों की दौड़ अयोध्या नगरी की ओर चल रही थी जहां सौधर्म इन्द्र वने सुमत अखाई कुबेर इन्द्र वने शैलेन्द्र दददा महाराजा नाभी राय वने राकेश अमरोद महा यज्ञ नायक सौरव बाझल दारा जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की।

**अतीत के पुण्य से हम कुछ दिन चलकर नये नये पुण्य प्राप्ति के मार्ग खोजें** इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि अतीत के पुण्य वाले का दिन अच्छा निकलता शाम अच्छी नहीं निकलतीं अतीत का पुण्य है अब वर्तमान के पुण्य को बढ़ाना बहुत जरूरी है अतीत की कमाई में यदि तुम ने वर्तमान के पुण्य को शामिल नहीं किया तो वे ज्यादा समय तक नहीं चलता ऐसे ही पूर्वजों की इजाजत मिली यदि तुम ने पूर्वजों की इजाजत में तुमने अपनी स्वयं के प्रयास से कुछ नहीं जोड़ा तो अच्छे अच्छे लोगो को कोई जय जिनेन्द्र नहीं करता राम राम तक नहीं करता अपने कुल की इजाजत को बढ़ाने के लिए कुछ ना कुछ जरूर करना ऐसे ही जो संस्कार तुम्हारे पूर्वजों से मिले उसमें कुछ ना कुछ वढ़ना कर करना तुम्हारे पिता के क्या थे उसमें एक नियम कायदे से एक नियम को जोड़ने है

**आज ज्ञान कल्याणक महोत्सव का आयोजन होगा** इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि कल भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा जिसमें महा मुनि राज की आहार चर्या होगी प्रातः काल मंगलाष्टक के साथ महा पूजन इसके बाद भगवान के ज्ञान कल्याणक की महा पूजन हुए पंद्रह दिसंबर को भगवान के निर्वाण कल्याणक के साथ दोपहर में एक बजे से परम पिता भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य गजरथ महामहोत्सव का आयोजन होगा। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई आदि मौजूद थे।

### विवाह में नृत्य के दौरान मृत्यु देखकर आदिकुमार वन को प्रस्थान कर गए




शनिवार को तप कल्याणक के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बालक रिषभ देव का जन्म अयोध्या नगरी में हुआ था जब वह मुनि के मार्ग पर चले तब उन्हें दीक्षा के 1 वर्ष 39 दिन बाद आहार मिला। वन में जाने के बाद उन्होंने भरत को राज्याभिषेक दिया और बाहुबली को युवराज पथ पर स्थापित किया। महाराज नाभिराय इन्द्रों द्वारा लाई गई सूदर्शना नामक पालकी पर आरूढ होकर वन में जाते हैं तभी पालकी को कौन उठाएगा इस पर बहस होने लगती है तब वह सभी पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के पास पहुंचते हैं कहते है कि मुनिश्री आप ही इसका निर्णय करें तब मुनिश्री के द्वारा पालकी ले जाने के लिए अपनी देशन दी गई जिससे सभी सहमत हुए। भगवान रिषभदेव गर्भ से ही अवधि ज्ञानधारी थे। यह तप कल्याणक दीक्षा कल्याणक के रूप में भी जाना जाता है जहां राज पाट और सभी सुखों को त्यागने के रूप में भी जाना जाता है। यह आत्म कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आत्मा के उद्धार के लिए कठोर तपस्या और ध्यान का मार्ग कहा जाता है।

---

### 5 वर्ष में भी नलजल योजना अधूरी

## ठेकेदार ने सड़कों को खोदने के बाद मरम्मत भी नहीं करवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बहादुरपुर कस्बे में नल जल योजना का कार्य सन 2021 से चल रहा है। यह काम 5 साल में भी पूर्ण नहीं हो पाया। ठेकेदार हिमांशु शाक्य ने कुछ दिनों पहले एक दो मोहल्लों में पानी आपूर्ति की टेस्टिंग जरूर की है लेकिन नियमित आपूर्ति कब से होगी। यह बताने की स्थिति में विभाग भी नहीं है।

बताया गया है कि कस्बे में सन 2021 में 65 लाख की लागत से नल जल योजना के तहत कार्य शुरू हुआ था। इसके तहत सभी गलियों में पाइप लाइन बिछाई जानी थी और सभी घरों में कनेक्शन दिए जाने थे। स्थानीय मुक्तिधाम में पानी की टंकी बनाई गई है। जिसे कुछ नलकूपों से जोड़ा गया है। वहीं बिजली आपूर्ति के लिए दो ट्रांसफार्मर रखे गए हैं। ठेकेदार ने काम बहुत धीमी गति से किया। जिससे पांच साल बीतने के बाद भी काम पूरा नहीं हो सका है। इसके साथ ही कई बस्तियों में पाइप लाइन ही नहीं बिछाई जा सकी। क्योंकि डीपीआर के अनुसार करीब तीन हजार मीटर पाइप लाइन स्वीकृत हुई थी, वह बिछाई का चुकी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के उपयंत्री रोहित त्यागी का कहना था कि दस प्रतिशत पाइप लाइन बढ़ाने की डिमांड विभाग द्वारा भेजी गई है, जिसे अभी स्वीकृति नहीं मिली।

#### 85 प्रतिशत का हुआ भुगतान

ठेकेदार ने काम की धीमी गति रखी और इसका कारण विभाग द्वारा भुगतान न होने का बताया। जबकि विभागीय जानकारी के अनुसार उसे 85 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। जबकि मैदानी हकीकत में 85 प्रतिशत काम नहीं हुआ है। ठेकेदार ने जो पाइप कनेक्शन देने के लिए लगाए थे, इनमें से अधिकांश पाइप समय गुजरने के कारण टूट फूट चुके। अब कनेक्शनों के लिए नए पाइप लगाने होंगे।

#### नेशनल हाईवे बनाने वालों ने दो बार तोड़ी लाइन

वहीं काम में देरी की वजह नेशनल हाईवे बनाने वाली कंपनी द्वारा दो बार पाइप लाइन तोड़ना भी बताया गया है। उपयंत्री श्री त्यागी ने बताया कि दो महीने पहले नाली बनाते समय कंपनी ने सौ फिट लाइन तोड़ दी थी, जिसे एक सप्ताह में जोड़ा था। अब करीब आठ दिन पहले फिर से पुलिस थाने के पास बीस फर लाइन तोड़ दी है, जिसे अब तक नहीं जोड़ा है। इस वजह से भी काम में देरी हो रही है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा भी कोई रिस्पांस नहीं दिया जा रहा।

#### मिट्टी में मिला दी लाखों की सड़कें

पूर्व सरपंच मनोज जैन ने बताया कि उनके कार्यकाल में लगभग 30 लाख रूपये की लागत से दस सड़कें 2019 और 2020 में बनवाई थीं। जो पाइप लाइन बिछाने के लिए ठेकेदार ने खोद दी और सही तरह से सड़कों की मरम्मत नहीं की, जिससे लाखों की सड़कें मिट्टी में मिल गईं। इसी तरह मंडी बोर्ड द्वारा उपमंडी तक बीस लाख रुपए की लागत से सड़क बनाई गई थी, जिसे भी लाइन बिछाने के लिए खोदा गया तो वह पूरी तरह खराब हो गई।

#### इनका कहना है

मुझे कुछ समय पहले मुंगावली का प्रभार मिला है, जल्द ही उपयंत्री और ठेकेदार के साथ मौके का निरीक्षण करूंगा। जहां जहां काम में कमी रखी गई है, उसमें नियम अनुसार सुधार कराएंगे। गर्मियों के मौसम से पहले इस योजना को हम क्रियाशील कर देंगें। हालांकि इसके लिए हमें ग्राम पंचायत का भी सहयोग चाहिए।

**धर्माशु दीक्षित,** प्रभारी एसडीओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मुंगावली

---

## शाढोरा में 8 मंडलों एवं 2 बस्तियों में आयोजन समितियों का गठन, बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 20 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियाँ जोर-शोर से प्रारंभ हो चुकी हैं। इसी क्रम में शाडोरा खंड के अंतर्गत आने वाले 8 मंडलों एवं 2 बस्तियों में आयोजन समितियों का गठन किया गया। दिनांक 13 दिसंबर शुक्रवार को सभी आयोजन समितियों की संयुक्त बैठक सिटी पब्लिक स्कूल शाढौरा में सम्पन्न हुई।

बैठक में खंड संघ चालक दिनेश दुबे क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल विभाग सह-कार्यवाह महेश रघुवंशी बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा, कार्ययोजना एवं जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन के निमित्त घर-घर संपर्क के लिए पीले चावल एवं कलश का वितरण आयोजन समितियों को प्रदान किया गया। इन कलशों को बस्तियों एवं ग्रामों के प्रमुख मंदिरों में स्थापित कर विधिवत पूजन-अर्चना की जाएगी। सभी ग्रामों में प्रभात फेरी निकाली जाएंगी और कीर्तन मंडलियों को हनुमान जी महाराज का झंडा दिया जाएगा। पूजन पश्चात समितियाँ घर-घर जाकर पीले चावल (पीला अक्षत) वितरित करेंगी और प्रत्येक हिंदू परिवार को आगामी हिंदू सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने हेतु आमंत्रण दिया जाएगा।

जन-जागरण, परिवार संपर्क और सांस्कृतिक जागृति के लिए हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित यह हिंदू सम्मेलन समाज को संगठित, जागृत एवं संस्कारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

---

## राजपुर में दिव्यांग और वृद्धजनों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए परीक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



शनिवार को ग्राम पंचायत राजपुर प्रांगण जनपद पंचायत अशोकनगर में प्रातः 10:00 बजे से भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिमअंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 265 पंजीयन किये गये जिसमें अस्थिवाधित 210 , दृष्टिवाधित 18, श्रवणवाधित 32 एवं मानसिक 05 पंजीयन हुये

उक्त शिविर में एलिम्को द्वारा 114 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, वाकिंग स्टिक, बैशाखी, नकली हाथ-पैर, सुगम्य केन, ट्रायसाईकिल, मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल, वॉकर, टीएलएम किट सेकेण्डरी एवं प्राईमरी एवं कान की मशीन हेतु चिन्हित किया गया है। दिव्यांगजनों, वृद्धजनों को मुख्य सड़क से शिविर तक एक्सपर्ट की टीम के माध्यम से लाने एवं ले जाने के लिए 05 व्हील चेयर की व्यवस्था की गई ,दिव्यांगों वृद्धजनों एवं एलमको टीम के लिए भोजन, चाय ,नाश्ता एवं कैंपर का पानी की व्यवस्था की गई। उक्त सम्पूर्ण व्यवस्थाओं से वृद्धजन दिव्यांग जन संतुष्ट नजर आए एवं प्रशासन टीम को धन्यवाद दिया। इसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र सिंह यादव,सामाजिक न्याय अधिकारी राजेंद्र प्रजापति, सरपंच प्रतिनिधि सफीक खान ,खण्ड पंचायत अधिकारी भीमसेन हैमर,सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रणजीत सिंह लोधी, पंचायत समन्वयक अधिकारी, परमाल सिंह यादव आदि मौजूद थे।

---

### जिले के विकास कार्य गिनाए, कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री शुक्ला ने दी जानकारी

# प्रभारी मंत्री ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियां गिनाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस कान्फ्रेंस में राज्य सरकार तथा जिले की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई।

प्रभारी मंत्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास भी, विरासत भी और सबका साथ-सबका विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृत-संकल्पित हैं। राज्य सरकार मध्यप्रदेश को विकास की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए प्राण-प्रण से काम कर रही है। सभी क्षेत्रों में विकास के अभूतपूर्व काम हुए हैं। दो वर्ष का हमारा कार्यकाल अनेकानेक उपलब्धियों से भरा हुआ है। उन्होंने जिले के समग्र विकास की रूप रेखा तैयार कर जिले को नई ऊचाई तक ले जाने हेतु समन्वित विकास पर जोर दिया।

**सडकों के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां** जिला अशोकनगर अंतर्गत विगत दो वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा 179.84 कि.मी. (राशि रू. 139.74 करोड़ की लागत से) लंबी सड़कों का निर्माण तथा 149.17 कि.मी. लंबाई में रू. 19.23 करोड़ की लागत से मार्गों का बी.टी. नवीनीकरण कार्य कराया गया है। म.प्र. ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण पीआईयू 1 एवं 2 अशोकनगर द्वारा विगत 02 वर्षों मैं 34.54 कि.मी. (राशि रु. 24.43 करोड़ की लागत से) लंबी सड़कों का निर्माण कराया गया है। नगरीय क्षेत्र में विगत दो वर्ष में 63.3 कि.मी. (राशि रु. 35.94 करोड़ की लागत से) लंबी सड़कों का निर्माण कराया गया है।

**प्रगतिरत कार्य** कुरवाई मुंगावली-चन्देरी राष्ट्रीय राजमार्ग (346 81.30 कि0मी० लम्बाई का) लागत राशि 219.73 करोड़ से निर्माण कार्य जून 2026 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के अन्तर्गत लुकवासा ईसागढ़ चन्देरी राजघाट मार्ग का उन्नयन एवं चैड़ीकरण का कार्य (72.955 कि.मी. की लम्बाई 201 करोड़ लागत से) कराया जा रहा है। इस मार्ग की चैड़ाई 5.5 मी. से 10 मी. किया जाना प्रस्तावित हैं, यह कार्य दिनांक 30.06.2027 तक पूर्ण होना है।

**नदियों पर पुलों का निर्माण** जिला अशोकनगर अंतर्गत विगत दो वर्षों में लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग ग्वालियर द्वारा खाकलोन देवचर्ची मार्ग में बेलन नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण (लंबाई 90 मी. एवं राशि रूपये 371.46 लाख) एवं जिला अशोकनगर में बक्सनपुर से कुकरेठा मार्ग में और नदी पर जलमग्नीय पुल निर्माण (लंबाई 105 मी. राशि रूपये 442.58 लाख) पूर्ण कार्य किया गया। म.प्र. ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण पीआईयू 1 एवं 2 अशोकनगर अंतर्गत 416.25 मी. लंबाई राशि रु. 16.16 करोड़ की लागत से पुलों का निर्माण किया गया है।

#### 186 नल जल योजनाओं पर कार्य

जिला अंतर्गत विगत दो वर्षों में 186 नल जल योजनाओं में 90.34 करोड की लागत से कार्य पूर्ण कर नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है, एकल नल जल योजना के माध्यम से 52813 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। जिले में नल जल योजना के संचालन कार्यों में महिला स्व. सहायता समूह को आत्मनिर्भर जल सखी के रूप में जोड़ने की पहल की गई है। जल जीवन मिशन अंतर्गत राजघाट समूह जल प्रदाय योजना परियोजना लागत 1537.72 करोड़ से प्रारंभ की गई है। वर्तमान में 76 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है।

**आवास (शहरी)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत जिले की समस्त नगरीय निकाय क्षेत्र में विगत दो वर्ष में 5452 हितग्राही लाभान्वित होकर 852 आवास निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

**ग्रामीण आवास आवास** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत विगत 02 वर्ष (वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25) में 19792 हितग्राहियो को आवास का लाभ दिया गया है जिसमें से 6558 आवास पूर्ण हो चुके है शेष 13234 आवास प्रगतिरत है। आवास प्लस की प्राथमिकता सूची में 18825 हितग्राहियो शेष हैं।

**माँ जागेश्वरी लोक** मुख्यमंत्री द्वारा श्रीकृष्ण पर्व चंदेरी के अवसर पर माँ जागेश्वरी लोक की घोषणा के कार्य को प्रारंभ किया गया है। चंदेरी में माँ जागेश्वरी लोक का निर्माण 20 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। प्रथम चरण में 05 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

**जिला प्रशासन का नवाचार** जिला प्रशासन द्वारा अशोकनगर जिले में हृदय अभियान एवं रेवा शक्ति अभियान के नवाचार किये गये है। हृदय अभियान का उद्देश्य कुपोषण को नगण्य करना, शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव, मातृ मृत्यु दर को नगण्य करना, शत प्रतिशत शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ना, 16 से 18 वर्ष के बच्चों को रोजगार से जोड़ना, हृदय अभियान में 6 से 14 वर्ष के शाला त्यागी बच्चों को मुख्य धारा से जोडना, समस्त गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, हाईरिक्स माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर सुरक्षित प्रसव कराना है।

#### विद्युत के क्षेत्र में

जिला अंतर्गत विगत दो वर्षों में 03, 33/11 केव्ही. उपकेन्द्रों का निर्माण आरडीएसएस योजना में किया गया जिनकी लागत रु. 8.48 करोड़ है। वर्तमान में कुल 61, 33/11 केव्ही. उपकेन्द्र जिले में संचालित है। आरडीएसएस योजना में 76 फीडर सेपरेशन हेतु प्रस्तावित हैं जिनमें से 44 फीडर का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष 32 फीडरों का कार्य प्रगति पर है।

#### आंगनबाडी

पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में 33 नवीन आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किये गये है। जिले में 45 आंगनबाड़ी केन्द्र लागत राशि 513.48 करोड़ से नवीन भवनों का निर्माण किया गया है। सक्षम आंगनबाड़ी जिला अंतर्गत 258 आगंनवाडी केन्द्रों को उन्नत किया है।

### पुलिस की त्वरित विवेचना और न्यायालय की संवेदनशीलता से पीड़िता को मिला इंसाफ

# नाबालिग दुष्कर्म कांड : 16 दिवस में दोषी को उम्रकैद व 25 हजार जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

थाना करनवास, जिला राजगढ़ अंतर्गत ग्राम देवलखेड़ा के जंगल क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ घटित जघन्य दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस, अभियोजन एवं न्यायालय के समन्वित प्रयासों से मात्र 16 दिवस के ट्रायल में पीड़िता को न्याय दिलाया गया। न्यायालय ने आरोपी गोरधन पिता रामलाल जाटव (उम्र 62 वर्ष), निवासी ग्राम देवलखेड़ा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया जो पीड़िता को मिलेगा। प्रकरण में अपराध क्रमांक 108/2025, 18 अगस्त 2025 को थाना करनवास में मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना 10 मार्च 2025 की है, जो ग्राम देवलखेड़ा के जंगल में नाले के पास घटित हुई। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64(2)(प), 64(2)(उ), 65(1), 351(3) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

#### त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील विवेचना

प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह, थाना प्रभारी करनवास द्वारा की गई। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने पीड़िता के कथन, वीडियोग्राफी, मेडिकल परीक्षण, काउंसिलिंग एवं कानूनी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता से पूर्ण किया। महिला चिकित्सक उपलब्ध न होने पर पीड़िता का जिला अस्पताल राजगढ़ में परीक्षण कराया गया, जहां से उसे आगे सोनोग्राफी हेतु भोपाल रेफर किया गया। मध्य रात्रि में ही पीड़िता को बाल कल्याण समिति राजगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसिलिंग कराई गई, जिससे उसकी मानसिक स्थिति को संबल मिल सके।

#### आरोपी की गिरफ्तारी और मेडिकल जांच

19 अगस्त 2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को ग्राम देवलखेड़ा के जंगल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कर डीएनए सैंपल सुरक्षित किया गया। न्यायालय में पेश करने पर उसे जेल दाखिल किया गया।

#### पीड़िता नाबालिग, गर्भावस्था ने बढ़ाई गंभीरता

जांच के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय से प्राप्त अभिलेखों के अनुसार पीड़िता की आयु 14 वर्ष 03 माह पाई गई। सोनोग्राफी रिपोर्ट में पीड़िता के गर्भ में 26 सप्ताह 01 दिन का भ्रूण पाया गया, जिससे मामला अत्यंत संवेदनशील और गंभीर हो गया।

#### न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय तक त्वरित प्रक्रिया

पीड़िता के स्वास्थ्य और गर्भावस्था को देखते हुए मामला अपर सत्र न्यायालय ब्यावरा एवं तत्पश्चात उच्च न्यायालय इंदौर तक पहुंचा। उच्च न्यायालय के निर्देश पर चिकित्सकीय विशेषज्ञ टीम का गठन कर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद उच्च न्यायालय द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय कार्रवाई की अनुमति प्रदान की गई।

#### फॉरेंसिक साक्ष्य बने निर्णायक

प्रकरण में आरएफएसएल भोपाल की डीएनए रिपोर्ट अत्यंत महत्वपूर्ण रही। रिपोर्ट के अनुसार नवजात शिशु का डीएनए प्रोफाइल, पीड़िता एवं आरोपी से मेल खाता पाया गया, जिससे आरोपी के अपराध की वैज्ञानिक पुष्टि हुई।

#### 16 दिवस का ऐतिहासिक ट्रायल

पुलिस द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। इसके बाद न्यायालय रजनी प्रकाश बाथम के समक्ष निरंतर सुनवाई हुई। महज 16 दिवस में पीड़िता, उसके परिजन, चिकित्सक, फॉरेंसिक विशेषज्ञ, पंच साक्षी, पुलिस अधिकारी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के कथन दर्ज किए गए।

#### फैसला - आजीवन कारावास

सभी साक्ष्यों, गवाहों एवं डीएनए रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने आरोपी गोरधन जाटव को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

#### समाज के लिए सख्त संदेश

यह निर्णय न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने वाला है, बल्कि समाज के लिए भी कड़ा संदेश है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

### संकुल प्राचार्यों, लेखापाल, डीडीओ के लेखापालों की समीक्षा बैठक में निर्देश

# भुगतान लंबित रखने वाले 17 जिम्मेदारों को निलंबन के नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 01 जनवरी 2024 से 30 नवंबर 2025 के बीच सेवानिवृत्त हुए विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों के लंबित देयकों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समस्त संकुल प्राचार्य, लेखापाल एवं जिले के डीडीओ के लेखापाल उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान ई-गवर्नेंस द्वारा तैयार गूगल शीट में भुगतान तिथि एवं भुगतान की गई राशि की जानकारी एवं लंबित देय स्वत्वों की स्पष्ट जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के विभिन्न भुगतान अनावश्यक रूप से लंबित रखने पर 17 लेखापालों सहित अन्य जिम्मेदारों को निलंबित करने के नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए हैं। शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा कर्तव्य विमुख आचरण की श्रेणी में आने के कारण निलंबन के नोटिस जारी किए गए हैं।

#### इन्हें जारी हुए सस्पेंशन के नोटिस

जिन लेखापालों व भुगतान शाखाओं के जिम्मेदारों को निलंबन के नोटिस जारी किए गए हैं उनमें राजेश साहू लेखापाल संकुल पढाना, सुरेन्द्र बिरोन लेखापाल संकुल पढाना, राजेन्द्र जाटव लेखापाल, मुकेश साहू लेखापाल बीईओ सारंगपुर, विश्वनाथ सिंह उमठ लेखापाल बीईओ नरसिंहगढ़, सुनील आर्थ बीईओ कार्यालय नरसिंहगढ, शिव नारायण वर्मा संकुल प्राचार्य पढाना, धगेन्द्र मेवाडे लेखापाल बीईओ खिलचीपुर, चुन्नीलाल दांगी बीईओ कार्यालय खिलचीपुर, दिनेश पारिक लेखापाल सीएमएचओ कार्यालय, महेश शर्मा स्थापना भू-अभिलेख, लक्ष्मीनारायण कुंभकार लेखापाल सिविल सर्जन कार्यालय, देवनारायण विश्वकर्मा पीएचई राजगढ़, शाहिद काजी नायब नाजिर तहसील खिलचीपुर, श्याम सुंदर जौधाना नायब नाजिर जीरापुर, बी.एस. सोलंकी लेखापाल सामाजिक न्याय विभाग एवं मनोज मैथिल शामिल हैं।

### नायब तहसीलदार ने की अतिक्रमण के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई



**माचलपुर**। रामगोपाल सत्यनारायण मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी विद्याधाम में दुकानों निर्माण के सामने की बेशकीमती शासकीय जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ था जिस पर पटवारी की रिपोर्ट पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अतिक्रमण धारी को अर्थ दंड से दंडित किया था। उक्त अतिक्रमण की खबर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिस पर संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने खुद मौके पर जाकर कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी और टीम के साथ जमीन से अतिक्रमण हटवाया साथ ही आगे से अतिक्रमण ना करने की हिदायत दी।

## दहेज में 10 लाख की डिमांड, पति, सास और ससुर पर एफआईआर

**राजगढ़**। एक विवाहिता महिला को मायके से दहेज में 10 लाख रुपए और कार लाने की डिमांड को लेकर दी जा रही प्रताड़ना के चलते पुलिस ने ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ससुराल पक्ष के लोग फरियादिया को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मारपीट भी किया करते थे। जानकारी के अनुसार सुठालिया थानाक्षेत्र के उमरेड निवासी मधुबाई लोधा का विवाह सुनील पिता शिवनारायण लोधा निवासी ग्राम निनोर थाना नरसिंहगढ़ से हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार मधुबाई से दहेज में 10 लाख रुपए नकद और कार देने की मांग की जा रही थी। मायके पक्ष द्वारा यह मांग पूरी न कर पाने पर ससुरालियों द्वारा मधुबाई से मारपीट कर परेशान किया जा रहा था। फरियादिया की शिकायत मिलने पर सुठालिया पुलिस ने पति सुनील पिता शिवनारायण लोधा, ससुर शिवनारायण लोधा एवं सास नौरंगबाई पत्नी शिवनारायण सर्व निवासी ग्राम निनोर पर बीएनएस की धारा 85, 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## सारंगपुर को करोड़ों की सौगात नवीन जनपद पंचायत भवन सहित कई कार्यों का भूमि पूजन




**सारंगपुर**। सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति देते हुए मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शनिवार को नवीन जनपद पंचायत भवन, शासकीय विश्रामगृह तथा नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल, नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे, एसडीओ कृपाल पोरवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों की रूपरेखा साझा की गई, जिससे नगरवासियों में उत्साह का माहौल रहा। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प शहरों और कस्बों में मजबूत, टिकाऊ और आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर सड़कें, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था, सामुदायिक भवनों की सुविधाएं तथा सामाजिक-धार्मिक आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थल उपलब्ध होंगे।

## स्कार्पियो में पीछे से घुसी बाइक, 2 गंभीर, 1 रेफर

**राजगढ़**। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर राजगढ़-खिलचीपुर के बीच शनिवार दोपहर हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार 2 युवक घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरान्त एक की हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार हीरालाल पिता रामसिंह तंवर निवासी ग्राम बोरदा थाना भोजपुर एवं याशीन पिता अलीखां निवासी पुरा, जिला नरसिंहपुर अपनी बाइक से खिलचीपुर से राजगढ़ आ रहे थे। इस दौरान बड़बड़ी के नजदीक हाईवे पर बने ब्रेकर के यहां एक स्कार्पियो वाहन की गति धीमी होने पर बाइक स्कार्पियो में जा घुसी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गए। दुर्घटनाओं के मामलों में अक्सर बड़े वाहन हादसा होने पर मौके से भाग निकलते हैं लेकिन इस मामले में जिस स्कार्पियो वाहन से दुर्घटना हुई उसका मालिक खुद दोनों घायलों को जिला अस्तपाल लेकर पहुंचा। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हीरालाल को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया है।

### बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने लगाई फांसी

**जीरापुर**। नगर के बंसल कॉलोनी के पीछे खिलचीपुर रोड के समीप एक घटना सामने आई है, जहां बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीए तृतीय वर्ष में अध्यनरत युवती अपनी बहन के साथ बंसल कॉलोनी के पीछे खिलचीपुर रोड के समीप किराये के मकान में रहती थी तथा एक प्रायवेट स्कूल में अध्यापन भी कार्य करती थी। जिसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार संजू पिता मनोहर सिंह परिहार निवासी खाखरी ने अपनी बहन के साथ पढ़ाई के लिए जीरापुर में किराए के मकान में रह रही थी तथा एक निजी स्कूल में पढ़ाने का कार्य भी करती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं 112 डायल की टीम मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### जिले के 8 पूर्व सरपंचों को वसूली आदेश व वारंट जारी

**राजगढ़**। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य कार्यों से जुड़ी राशि पंचायत के खातों से निकालने के उपरान्त भी 7 पूर्व सरपंचों ने काम नहीं करवाया। ऐसे में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने वसूली आदेश के साथ ही कुछ सरपंचों को जमानती वारंट जारी किए हैं। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के एवज में राशि आहरित कर काम न कराने वाले जनपद सारंगपुर की ग्राम पंचायत भैंसवामाता राशि रुपए 89 हजार 625, ग्राम पंचायत सरेड़ी की राशि 7 लाख 11 हजार, जीरापुर की ग्राम पंचायत अरन्या की राशि 1 लाख 78 हजार 600 रुपए जमा नहीं कराने एवं पेशी पर उपस्थित नहीं होने के चलते यहां के पूर्व सरपंचों से वसूली आदेश पारित किए गए हैं।

### पीआईयू ने ही निर्माण एजेंसी को नहीं किया है करीब 9 करोड़ का भुगतान

# मजदूरी अटकी, मेडिकल कॉलेज के 120 मजदूर हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के लिए बड़ी सौगात माने जा रहे करीब 220 करोड़ की लागत वाले मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरूआत से ही कछुआ गति से चल है। अपनी तय अवधि से करीब ढाई साल पीछे चल रहे इस चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण में पिछले कुछ महीनों से तेजी आने के बाद अब फिर से काम की गति धीमे होने की संभावना है। दरअसल, कॉलेज बिल्डिंग के निर्माण विभिन्न सप्लायरों के माध्यम से लगे करीब 120 मजदूरों को निर्माण एजेंसी से बीते तीन महीनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया है। राजगढ़ जिले सहित अन्य राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में यहां काम करने आए इन मजदूरों को तीन माह (सितंबर, अक्टूबर, नवंबर) से एजेंसी ने उनकी मजदूरी/मेहनताने का भुगतान नहीं किया है। एजेंसी के अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब मजदूरों को उनका भुगतान नहीं किया गया तो शनिवार से सभी मजदूर काम बंद कर हड़ताल पर चले गए। मजदूरों का कहना है कि हम अपना गांव, शहर छोड़कर दो जून की रोटी के लिए यहां काम करने आए हैं लेकिन जब महीनों तक हमें हमारा मेहनताना नहीं मिलेगा तो हम अपना घर, परिवार कैसे चलाएंगे।

#### पीआईयू से ही एजेंसी को नहीं हुआ भुगतान

सूत्रों के अनुसार निर्माण एजेंसी श्रीजी कन्सट्रक्शन कंपनी द्वारा पीआईयू (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन यूनिट) में करीब 9 करोड़ रुपए के बिल सब्मिट किए हुए हैं परन्तु विभाग द्वारा कंपनी को भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में कंपनी भी अपनी लेबर को समय पर पेमेंट नहीं दे पा रही है। हालांकि, मेडिकल कॉलेज निर्माण में करीब 500 मजदूर काम कर रहे हैं जिनमें से 120 मजदूरों ने अपनी मजदूरी न मिलने के चलते काम बंद कर दिया।

#### 2024 में पूरी होने वाली परियोजना अभी तक अपूर्ण

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पर संकट मोचन बड़ली क्षेत्र के एक बड़े भूभाग में इस चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण चल रहा है। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान साल 2022 में इस महते प्रोजेक्ट का भूमिपूजन करके गए थे। लेकिन मजदूरों की कमी, विद्युत विभाग की पोल शिफ्टिंग में लेट-लतीफी सहित विभिन्न कारणों के चलते जिस परियोजना को 2024 में पूर्ण हो जाना था वो अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

#### स्वास्थ्य आयुक्त भी लगा चुके हैं फटकार

स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन आयुक्त तरुण पिथोड़े भी इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण की अत्यंत धीमी गति को लेकर निर्माण एजेंसी को फटकार लगा चुके हैं। करीब 2 वर्ष पूर्व पिथोड़े जब इस निर्माणाधीन कॉलेज के निरीक्षण पर आए थे तब भी एजेंसी द्वारा लेबर की कमी की समस्या बताई गई थी वहीं अब एक बार फिर से 120 मजदूरों के अचानक काम बंद कर देने से कहीं न कहीं यह प्रोजेक्ट जल्द पूर्ण होता नजर नहीं आ रहा।

**इनका कहना है...**

मैं निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मेनेजर से बात करता हूं। यह भी सही है कि ऊपर से ही भुगतान अटका हुआ है जिसके चलते निर्माण एजेंसी के 9 करोड़ के बिलों के पेमेंट लंबित हैं।

ज्ञानदीप भूमरकर
कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी (भवन), राजगढ़

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण**– 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण** – 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि